आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते हैं।
मो. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, मंगलवार 21 जनवरी 2025
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



@vandebharat24 vandebharat24 @vandebharat24news www.vandebharat24.com

## शपथ लेते ही अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बने

# अमेरिका में आज से 'ट्रंप युग'

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं. कुछ देर में उनकी ताजपोशी हो जाएगी. दुनिया अमेरिका की ओर टकटकी लगाए बैठी है. ट्रंप की शपथ से ज्यादा उनके एग्जिक्यूटिव आदेश पर सबकी नजरें हैं. ट्रंप कह चुके हैं कि शपथ के ठीक बाद वह कुछ ऐसा करने जा रहे हैं कि जिसे अमेरिका याद रखेगा. ट्रंप आज अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे.

दरअसल ट्र्ंप अमेरिका के राष्ट्रपति की सुप्रीम शक्तियों का प्रयोग करेंगे. वह कार्यकारी आदेश जारी करेंगे. अमेरिका के




राष्ट्रपति के पास ये कार्यकारी आदेश जारी करने की शक्ति होती है. यह आदेश कानून की तरह ही शक्ति रखते हैं.

इमिग्रेशन, ऊर्जा नीति और संघीय सरकार के संचालन पर बड़े फैसले की उम्मीद

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही इमिग्रेशन, ऊर्जा नीति और संघीय सरकार के संचालन पर बड़े फैसले लेने की उम्मीद है. पूरी दुनिया की निगाहें उनके चुनावी वादों पर लगी होंगी, जिनमें से कुछ को उन्होंने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन ही पूरा करने का वादा किया है. अमेरिकी मीडिया के मुताबिक ट्रंप ने कार्यालय में अपने पहले दिन करीब 100 कार्यकारी आदेश जारी करने का संकल्प लिया है. इनमें से कई ऑर्डर बाइडेन प्रशासन द्वारा लागू किए गए आदेशों को उलटने या समाप्त करने के लिए होंगे.

### मैं लगभग 100 कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करूंगा - ट्रंप

रविवार को शपथ ग्रहण समारोह से पहले डिनर में दानदाताओं और सहयोगियों की भीड़ को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, पदभार ग्रहण करने के कुछ ही घंटों के भीतर, मैं दर्जनों कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करूंगा – लगभग 100 – जिनमें से कई का मैं कल अपने संबोधन में वर्णन करूंगा.

ट्रंप ने कहा, अपनी कलम के एक झटके से मैं बाइडेन प्रशासन के दर्जनों विनाशकारी और कट्टरपंथी कार्यकारी आदेशों और कार्रवाइयों को रद्द कर दूंगा, और कल इस समय तक, वे सभी अमान्य हो जाएंगे.

## बटाला में 3 वर्षीय बच्ची के साथ पड़ोसी की दरिंदगी, दर्दनाक मौत

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब के बटाला से बेहद ही शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां 3 वर्षीय बच्ची को जमीन पटका दिया गया। इस दौरान बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। इस मामले में सिटी पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसआई मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस में दर्ज करवाए बयान में रानिया पत्नी अभिनंदन निवासी गांव उलापुर बताया कि 18 जनवरी को वह अपने काम से पठानकोट गई हुई थी कि शाम करीब 7.30 बजे उसके पिता कालू मंडल का फोन आया कि तुम्हारी बच्ची रागिनी को पड़ोसी खेलने के लिए कमरे में ले गया जहां उसने जमीन पर पटक दिया है।

इस दौरान बच्ची के सिर में गंभीर चौट लगी जिसे तुरन्त सिविल अस्पताल में लेकर गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। आरोपी पड़ोसी की पहचान अनिल साहो उर्फ राजू नट्टा पुत्र भोला साहो निवासी कहलगांव, जिला बागलपुर ( बिहार ) के रूप में हुई है। महिला ने बताया कि उसकी 3 वर्षीय बेटी रागिनी को अनिल साहो ने खेलते समय लापरवाही से जमीन पर फेंककर मार डाला। एसआई मोहन सिंह ने बताया कि उपरोक्त मामले संबंधी उक्त लड़की की माता के बयान पर सिटी थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# Kulhad Pizza Couple ने छोड़ा देश!

## परिवार समेत विदेश शिफ्ट

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** Kulhad Pizza Couple पर भारत देश छोड़कर विदेश शिफ्ट हो गया है। जानकारी सामने आई है कि कपल ने अपने बेटे वारिस के साथ देश में कारोबार को छोड़कर इंग्लैंड शिफ्ट हो गया है। हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की है। पर कहा जा रहा है कि Kulhad Pizza Couple पक्के तौर पर इंग्लैंड शिफ्ट हो गए हैं।

### लगातार कंट्रोवर्सी थे परेशान

आपको बता दें कि Kulhad Pizza Couple की आपत्तिजनक वायरल वीडियो होने के बाद लगातार वह किसी न किसी के निशाने पर आ रहे थे। जिस वजह से दोनों काफी परेशान रहने लगे थे। यहां तक कि सिख संगठनों की तरफ से भी उनको निशाना बनाया जा रहा था और उन्हें जान से मारने धमकियां भी मिल रही थीं। जिस वजह से Kulhad Pizza Couple को हाईकोर्ट जाकर सिक्योरिटी भी मांगनी पड़ी थी।

**हाल ही में आई थी तलाक की खबरें** – इससे पहले Kulhad Pizza Couple कपल की तलाक की खबरें भी सामने आई थी।

जिसमें कहा गया था कि दोनों पति-पत्नी के बीच अनबन शुरू हो गई है और उन्होंने इंस्टाग्राम से एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया था। जिसके बाद तलाक की खबरों ने तूल पकड़ा। पर इस पर कपल ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी।



### Kulhad Pizza बनाकर हुए थे फेमस

आपको बता दें कि सहज अरोड़ा और गुरप्रीत कौर दोनों ही जालंधर में कुल्हड़ पिज्जा बनाकर लोगों को खिलाते थे। उनकी इस नई डिश ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। जिसके बाद सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर और फूड व्लॉगर्स ने इनकी वीडियो को बनाई। जिससे दोनों Kulhad Pizza Couple के नाम से मशहूर हो गए।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247




# पंजाब में नेशनल हाईवे पर टायर फटने से ट्रक नीचे गिरा, हादसे में ड्राइवर की मौत, हेल्पर जख्मी

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब में देर रात जम्मू-अमृतसर नेशनल हाईवे पर एक भयानक हादसा हुआ। ट्रक का अचानक टायर फटने के कारण वह पुल से नीचे गिर गया। जिसमें ट्रक चला रहे ड्राइवर की मौत हो गई है, जबकि हेल्पर हादसे में बाल-बाल बच गया। जख्मी को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

जम्मू से अमृतसर जा रहे थे

हादसे में बचने वाले पीड़ित पीयूष पटेल ने बताया कि वह जम्मू से अमृतसर सामान लोड करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान अचानक ट्रक का टायर फट गया और नीचे गिर गया। ट्रक का शीशा टूटने के कारण मैं बाहर आ गया। जबकि मेरा भाई ड्राइवर उसी में फंस गया। मैंने उसे बुलाया पर वह बोल नहीं रहा था। वह पूरी तरह से उसमें फंस गया था।



**काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला :** सड़क सुरक्षा फोर्स के कर्मी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली थी।

जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे और तो एक व्यक्ति को मामूलीं चोटें आई हुई थी। जबकि ड्राइवर ट्रक के बीच में फंसा हुआ था। उसे काफी मेहनत मशक्कत के बाद निकाला गया और दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया।

**यूपी के रहने वाले हैं दोनों भाई :** मृतक ड्राइवर की पहचान मुनेश पटेल के रूप हुई है। दोनों भाई यूपी के फतेहपुर के रहने वाले हैं। दोनों भाई ट्रक से सामान भरकर एक से दूसरी जगह पहुंचाने का काम करते थे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विदेश में बैठे Wanted गैंगस्टरों की खैर नहीं, जालंधर में DGP गौरव यादव ने पुलिस अधिकारियों के साथ की मीटिंग



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** गणतंत्र दिवस को लेकर पंजाब में विशेष अभियान को लेकर तैयारियां की जा रही है। इस दौरान गणतंत्र दिवस 2025 से पहले आज डीजीपी गौरव यादव ने जालंधर में पंजाब के कई सीनियर अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान जालंधर रेंज, लुधियाना रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ होशियारपुर, जालंधर देहात, कपूरथला, एसबीएसनगर, खन्ना और लुधियाना देहात के अधिकारी भी शामिल रहे।

इस मीटिंग में डीजीपी आंतरिक सुरक्षा, एडीजीपी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ), एडीजीपी एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ), आईजीपी लुधियाना रेंज, पुलिस कमिश्नर, जालंधर, डीआइजी जालंधर रेंज, एसएसपी और जिलों के सभी गजेट्ड अफसर मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि इस बैठक में विदेश से वांटेड अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें भारत वापस लाने के लिए लुक आउट सर्कुलर (एलओसी), रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन), ओपन अरेस्ट वारंट, बीसीएन, प्रत्यर्पण प्रस्ताव जारी करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## जालंधर में स्कूल के पास लगी भीषण आग, धुआं-धुआं हुआ पूरा इलाका मचा हड़कंप



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर के अलावलपुर में स्कूल के पास गन्ने की खोरी (वेस्टेज) को अचानक आग लग गई। जिस कारण पूरे इलाके में धुआं-धुआं हो गया। आग लगने के बाद स्कूल में मौजूद बच्चों को तुरंत बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी का जानी-नुकसान नहीं हुआ। पर आग की इस घटना से बच्चे काफी सहम गए हैं। घटना की वीडियो भी सामने आई है।

### हादसे के कारण लगी आग

बताया जा रहा है कि गन्ने की खोरी से भरी ट्राली हादसे का शिकार हो गई और हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आ गई। जिसके बाद गन्ने की खोरी ने आग पकड़ ली। आग लगने के बाद ट्रैक्टर चालक ने छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। जिस वजह से वह बाल-बाल बच गया।

**फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियों ने बुझाई आग** - आग लगने का पता चलते ही स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। पर तब तक ट्रैक्टर-ट्राली पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस, ट्रेनी डॉक्टर को मिला इंसाफ

# दोषी संजय रॉय को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुए सनसनीखेज ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस में अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास ने फैसला सुनाते हुए इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' मामला नहीं माना और इसलिए आरोपी को मृत्युदंड की जगह उम्रकैद की सजा दी। अदालत ने आरोपी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत ने राज्य सरकार को पीड़िता के परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है, हालांकि पीड़िता के माता-पिता ने कहा है कि उन्हें किसी मुआवजे की आवश्यकता नहीं है। संजय रॉय को बीएनएस की धारा 64, 66 और 103 (1) के तहत दोषी ठहराया गया है। इन धाराओं में अधिकतम सजा फांसी या उम्रकैद का प्रावधान है।

फैसला सुनाने से पहले न्यायाधीश ने संजय रॉय से कहा कि उस पर लगे बलात्कार और हत्या के सभी आरोप साबित हो चुके हैं।

वहीं, संजय रॉय ने अपनी सफाई में कहा कि उसे झूठा फंसाया गया है। उसने दावा किया कि वह हमेशा रुद्राक्ष की माला पहनता है और यदि उसने अपराध किया होता तो माला घटनास्थल पर ही टूट जाती। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसे बोलने नहीं दिया गया और जबरदस्ती कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला टाला, केंद्र के सामने रख दी यह नई मांग

**जालंधर (अंशु कपूर) :** किसान नेताओं ने अपना दिल्ली कूच करने का फैसला टाल दिया है। संयुक्त मोर्चा किसान के सरवन सिंह पंधेर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के साथ 14 फरवरी से पहले मीटिंग करे और यह मीटिंग चंडीगढ़ में नहीं बल्कि दिल्ली में होनी चाहिए।

**केंद्र फूट डालने की कोशिश में**

पंधेर ने सुबह-सुबह कहा कि केंद्र सरकार फूट डालने की कोशिश कर रही है। पर हम उनकी इस कोशिश को कामयाब नहीं होने देंगे। वहीं दूसरे किसान संगठनों ने भी कूच टालने का स्वागत किया है और कहा कि डल्लेवाल की सेहत को देखते हुए मीटिंग जल्द रखी जानी चाहिए।

**26 नवंबर से आमरण अनशन पर हैं डल्लेवाल :** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 26 नवंबर 2024 से आमरण अनशन पर हैं। मीटिंग का न्योता मिलने के बाद केंद्र के अधिकारियों ने किसानों को भूख हड़ताल खत्म करने के लिए कहा है। पर डल्लेवाल सिर्फ मेडिकल



सुविधा लेने के लिए राजी हो गए। जिसके बाद उन्हें ग्लूकोज चढ़ाया। आज डल्लेवाल का अनशन का 55वां दिन है।

**121 किसानों ने तोड़ा है अनशन**

वहीं आमरण अनशन पर बैठे 121 किसानों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। केंद्रीय अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने आमरण अनशन तोड़ने का फैसला किया है। पर डल्लेवाल का आमरण अनशन जारी रहेगा। पर वह मेडिकल सुविधा लेने के लिए तैयार हो गए हैं।

## केंद्र को किसानों की चिंता

प्रियरंजन ने कहा कि केंद्र को आमरण अनशन पर बैठे किसाने जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत की चिंता है। हम यहां इसलिए आए हैं ताकि कोई रास्ता निकल सके। हमारी डल्लेवाल और दूसरे किसानों से अपील है कि वह अपनी भूख हड़ताल खत्म करें, पर किसानों ने ऐसा करने से इंकार कर दिया है।

**डॉक्टर डल्लेवाल को लेकर जता चुके हैं चिंता**

आपको बता दें कि डॉक्टर कह चुके हैं कि 14 फरवरी तक डल्लेवाल मेडिकल सुविधा पर जिंदा नहीं रह सकते। उन्हें अपना आमरण अनशन तोड़ना होगा। जिस पर किसान नेता काका सिंह ने कहा कि वह डल्लेवाल को आमरण अनशन तोड़ने के लिए जोर डालेंगे और मेडिकल ट्रीटमेंट लें।

# फाजिल्का में सुबह-सुबह दर्दनाक हादसा, तेज रफ्तार ट्राले ने पिकअप को मारी टक्कर

**जालंधर (पवन कश्यप) :** फाजिल्का में सुबह-सुबह अस्थियां विसर्जन करने जा रहे लोगों के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें महिला समेत 2 लोगों को मौत हो गई है। जबकि हादसे में 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। बताया जा रहा है कि धुंध के कारण यह हादसा हुआ है।

**ब्यास लेकर जा रहे थे अस्थियां**

हादसे बाद बलबीर सिंह ने बताया कि महिला की मौत के बाद परिवार के सदस्य पिकअप में बैठकर ब्यास अस्थियां विसर्जन करने जा रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे तेज



रफ्तार ट्राले ने पिकअप को टक्कर मार दी। जिसमें 2 की मौत हो गई है, जबकि 13 जख्मी हो गए हैं। इनमें से कुछ की हालत ज्यादा गंभीर है और उन्हें बठिंडा रेफर कर दिया गया है।

**धुंध के कारण हुआ हादसा**

उन्होंने आगे बताया कि हादसा धुंध के कारण हुआ है। क्योंकि सड़क पर काफी ज्यादा धुंध पड़ रही थी, जिस वजह से सामने से आ रहे ट्राले ने पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी। पुलिस को घटना की जानकारी दे दी है और वह मामले की जांच में जुट गई है।

# शिरोमणि अकाली दल की मेंबरशिप मुहिम का आगाज, सुखबीर बादल ने नए सिरे से ली सदस्यता

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** शिरोमणि अकाली दल (SAD) की ओर गांव बादल से नई मेंबरशिप की गांव बादल से शुरुआत की। पूर्व प्रधान सुखबीर बादल ने फार्म भर कर शिअद की नए सिरे से सदस्यता



ली। सुखबीर बादल ने कहा कि शिअद के गांव बादल में स्थित दफ्तर में पार्टी के आदेशों पर उन्होंने सदस्यता ली है। उन्होंने कहा कि लंबी हलके से 40 हजार की सदस्यता का लक्ष्य रखा गया है। जबकि पूरे राज्य से 50 लाख का लक्ष्य रखा है।

एक सवाल के जवाब में सुखबीर ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव में सिख संगत ने यह मैसेज साफ तौर पर दिया है कि जो भी ताकतें सिख धर्म के मसलों में दखलअंदाजी करेंगी उनको सिख संगत मुंह नहीं लगाएगी। उन्होंने दादूवाल का नाम लिए बिना कहा कि यह एजेंसियों के लोग हैं। इस कारण सिख संगत ने ऐसे लोगों को मुंह नहीं लगाया है। उन्होंने कहा कि यह लोग किसी भी धर्म के नहीं होते हैं।

# लुधियाना की पहली महिला मेयर

## आप पार्षद प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर को मिला पद, राकेश पराशर बने सीनियर डिप्टी मेयर

**जालंधर (जसप्रीत सिंह) :** लुधियाना नगर निगम के वार्ड



नंबर 13 से आम आदमी पार्टी की पार्षद प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर लुधियाना की पहली महिला मेयर बन गई हैं। इसके अलावा सीनियर डिप्टी मेयर के पद पर वार्ड नंबर 90 से पार्षद राकेश पराशर एवं डिप्टी मेयर के पद के लिए वार्ड नंबर चालीस से पार्षद प्रिंस जौहर को चुना गया है। गुरु नानक देव भवन में चल रहे कार्यक्रम में शहर के सभी 95 पार्षद शपथ ग्रहण कर रहे हैं। मेयर बनाने से पहले ही आप की तरफ से कांग्रेस को एक ओर झटका दे दिया गया है। वार्ड नंबर 41 की पार्षद ममता रानी ने कांग्रेस का हाथ छोड़ कर आप का झाड़ू पकड़ लिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रधान और कैबीनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने पार्षद ममता रानी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलविंदर सिंह, मनी राम और विशाल धवन को पार्टी में शामिल किया। ममता रानी के आप ज्वाइन करने के बाद आप के पास आंकड़ा पूरा हो गया है। अब पार्टी बिना विधायकों की स्पोर्ट के ही मेयर बनाएगी।

# पंजब के बाद इंग्लैंड में Kangana Ranaut की Film Emergency को लेकर विरोध

**जालंधर (पंकज शर्मा) :** कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर लगातार सिख जत्थेबंदियों की तरफ़ विरोध जताया जा रहा है। हाल ही में पंजाब में सिख जत्थेबंदियों ने फिल्म को लेकर प्रदर्शन किया गया था और पंजाब में इस फिल्म को बैन करने की अपील की थी। जिसके बाद अब विदेश में कंगना की फिल्म का विरोध शुरू हो गया है। इंग्लैंड के बर्मिंघम शहर में खालिस्तानी समर्थकों ने फिल्म का विरोध किया है। जानकारी के अनुसार स्टार सिटी व्यू सिनेमाघर में फिल्म का शो चल रहा था, तभी वहां खालिस्तानी समर्थक घुस गए और भारत के खिलाफ नारे लगाने लगे। इस दौरान उन्होंने खालिस्तान जिंदाबाद के भी नारे लगाए। खालिस्तानी समर्थकों ने फिल्म की स्क्रीनिंग रोकने की कोशिश की। इससे सिनेमा हॉल में तनावपूर्ण माहौल बन गया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उनका विरोध किया और उन्हें वहां से जाना पड़ा।

**फिल्म पर बैन लगाना सरकार की जिम्मेदारी :** करीब 4 दिन पहले SGPC के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को फिल्म पर बैन लगाने के लिए पत्र लिखा था पत्र में कहा गया है कि यदि यह फिल्म रिलीज हुई तो इससे सिख जगत में आक्रोश और गुस्सा पैदा होगा, इसलिए राज्य में इस पर प्रतिबंध लगाना सरकार की जिम्मेदारी है।



**बंगलादेश में हो चुकी बैन**

बता दें कि फिल्म के पहले रिलीज किए गए ट्रेलर में पंजाब के आतंकवाद के दौर के साथ-साथ बंगलादेश आजादी के दौर को भी दिखाया गया था। जिसके चलते ये फिल्म बंगलादेश में बैन हो चुकी है। ताजा रिलीज ट्रेलर में आतंकवाद, ब्लू स्टार ऑपरेशन और जरनैल सिंह भिंडरांवाला के बारे में कोई सीन नहीं दिखाया गया।

# फंदे से तो जिंदा उतार ली गई, एंबुलेंस के गेट ने ले ली जान!



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** राजस्थान के भीलवाड़ा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ एक 43 वर्षीय महिला की सरकारी एंबुलेंस में फंसकर मौत हो गई। महिला ने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन बाद में अस्पताल पहुंचने पर एंबुलेंस का गेट जाम होने के कारण समय पर इलाज न मिलने से उसकी जान चली गई।

प्रतापनगर थाने के एसएचओ सुरजीत थोलिया के अनुसार, महिला ने रविवार शाम अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। परिवार ने उसे तुरंत फंदे से उतारा और अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई। एंबुलेंस समय पर अस्पताल तो पहुँच गई, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण उसका गेट 20 मिनट तक जाम रहा, जिसके चलते महिला को समय पर इलाज नहीं मिल पाया और उसकी मौत हो गई। महिला के परिजनों ने एंबुलेंस के मेडिकल स्टाफ पर लापरवाही के कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं, जिनकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। परिजनों के अनुसार, महिला के आत्महत्या के प्रयास का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। महिला के पति और दो बच्चों ने उसे फंदे पर झूलते हुए देखा था और तुरंत उसे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल ले गए थे।

एसएचओ ने बताया कि महिला को जब अस्पताल लाया जा रहा था, तब वह जीवित थी।

लेकिन अस्पताल पहुँचने के बाद 20 मिनट तक एंबुलेंस में बंद रहने के दौरान ही उसकी मौत हो गई। महिला के परिवार और स्टाफ के उतरने के बाद, पीड़िता के स्ट्रेचर को बाहर निकालने से पहले ही गेट में खराबी आ गई और वह लॉक हो गया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, 20 मिनट बाद स्टाफ और महिला के बड़े बेटे ने खिड़की तोड़कर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पीड़िता के बेटे ने मीडिया को बताया कि एंबुलेंस का ड्राइवर शुरुआत में दो किलोमीटर तक गलत दिशा में एंबुलेंस ले गया, जिससे काफी समय बर्बाद हो गया। उसने यह भी आरोप लगाया कि एंबुलेंस के सिलेंडर में पर्याप्त ऑक्सीजन भी नहीं थी और बार-बार कहने पर भी एंबुलेंस स्टाफ ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

बेटे ने कहा, इन सबके बावजूद हमने अस्पताल जल्दी पहुंचने की कोशिश की, लेकिन गेट बंद हो जाने की वजह से उसे बचाया नहीं जा सका। अस्पताल प्रबंधन ने मेरी मां को मार डाला।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि एंबुलेंस को जब्त कर लिया गया है और परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। वहीं, भीलवाड़ा के जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी ने कहा कि अधिक भीड़ की वजह से गेट में खराबी आ गई थी और स्टाफ पूरी तरह प्रशिक्षित था। उन्होंने पीड़ित परिवार को खिड़की तोड़ने की बजाय थोड़ा और धैर्य रखने की बात कही और सिलेंडर में ऑक्सीजन कम होने के आरोपों को खारिज कर दिया।

## पंजाब में शिक्षा विभाग ने स्कूलों को जारी किए सख्त दिशा-निर्देश, उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब शिक्षा विभाग ने आए दिन स्कूल बसों के हादसे को ध्यान में रखते हुए सख्त फैसला लिया है। अब निजी स्कूल बस, वैन के ड्राइवरों और कंडक्टरों की आंखों का चैकअप होगा। इसके साथ ही उनका डोप टेस्ट भी किया जाएगा। जिसका सर्टिफिकेट उनके पास होना जरूरी है।

**प्रिंसिपल लेंगे ड्राइवरों और कंडक्टरों की रिपोर्ट :** इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने कहा कि जिला अधिकारी इन निर्देशों का पालन न करने वाले स्कूल और ड्राइवरों के खिलाफ सख्त एक्शन लें और कार्रवाई करेंगे। हर स्कूल के प्रिंसिपल ड्राइवर और कंडक्टर की रिपोर्ट लेंगे। जिसके बाद यह रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को जमा करवानी होगी।

### शिक्षा अधिकारी करेंगे निरीक्षण

इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी हर स्कूल का निरीक्षण करेंगे। अगर किसी भी तरह की कोताही बरती गई तो इसके लिए सीधे तौर पर स्कूल जिम्मेदार होंगे। अगर कोई स्कूल निर्देशों का उल्लंघन करता है तो डीसी सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत कार्रवाई करेगा।

## फरीदकोट : दोपहिया वाहन चालक दें ध्यान, सख्त आदेश जारी

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** दोपहिया वाहन चालकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। डिप्टी कमिश्नर विनीत कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक के दौरान कमेटी सदस्यों के ध्यान में लाया गया है कि अधिकतर दोपहिया वाहन चालक जब अचानक दाई ओर मुड़ते हैं, तो पीछे से तेज गति से आ रहे वाहनों से टकराने का खतरा हमेशा बना रहता है। ऐसे मामलों में अधिकांश वाहन चालक हेलमेट भी नहीं पहनते हैं।



उन्होंने आदेश जारी कर कहा कि बिना साइड मिरर वाले दोपहिया वाहन, बिना हेलमेट वाले, ओवरलोड वाहन हाई बीम लाइट व एल.ई.डी लाइट वाले पर प्रतिबंध रहेगा।

इसके साथ ही जगह-जगह रुककर यातायात समस्या उत्पन्न करने वाली बसों आदि की चैकिंग की जाए। उन्होंने यातायात पुलिस को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे वाहन चालकों के चालान काटे जाएं, ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके।

## दहेज लोभियों पर पुलिस की कार्रवाई, बहू को प्रताड़ित करने पर कसा शिकंजा



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** दहेज में 15 लाख रुपए की मांग और दहेज घटिया लेकर आने को लेकर मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने के आरोप में महिला पुलिस थाना में पति, सास, ससुर व जेठ के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस कमिश्नर को दी गई शिकायत में मीनाक्षी ने आरोप लगाया कि उसकी शादी राजन भल्ला के साथ अप्रैल 2024 को हुई थी। उसके मायके परिवार ने शादी में अपनी हैसियत से बढ़कर दहेज दिया था, लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही उसके ससुराल परिवार ने राजन को विदेश भेजने के लिए मीनाक्षी से 15 लाख रुपए की मांग कर दी। जब उसने इसे मानने से इंकार कर दिया तो उसके पति ने उसे तलाक देने की धमकियां देनी शुरू कर दीं और उसे मानसिक तौर पर प्रताड़ित करना शुरु कर दिया।

उक्त शिकायत की जांच पुलिस ए.सी.पी. भरत मसीह लधड़ की तरफ से की गई। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि राजन भल्ला ने शादी से पहले भी मीनाक्षी से 30 हजार रुपए यू.पी.आई. की मदद से अपनी जरूरतें पूरी करने हेतु लिए थे। शादी के कुछ दिन बाद ही उसके पति, ससुर, सास व जेठ ने पीड़िता के गहने अपने कब्जे में ले लिए।

दहेज में 15 लाख रुपए की मांग को पूरा न करने पर पीड़िता को सितम्बर 2024 में उसके ससुराल घर से निकाल दिया गया और इस समय पीड़िता मानसिक परेशानी के दौर से गुजर रही है।

जांच के आधार पर महिला पुलिस थाना में राजन भल्ला व 3 अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

## Jalandhar में सवारियों से भरे ई-रिक्शा के साथ भयानक हादसा, मच गई चीख-पुकार

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** जालंधर में सवारियों से भरे ई-रिक्शा के साथ भयानक हादसा होने की सूचना मिली है। जानकारी के अनुसार लाडोवाली रोड पर पुडा कॉम्पलेक्स के सामने एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे वह पलटियां खाते हुए दूर जा गिरा। हादसा इतना ज्यादा भयंकर था कि ई-रिक्शा ड्राइवर अंदर ही फंस गया, जिसे बड़ी मुशकिल से बाहर निकाला गया।

बताया जा रहा है कि व्यक्ति ने कुछ दिन पहले ही ई-रिक्शा खरीदा था। इस हादसे में ड्राइवर की एक टांग भी टूट गई। वहीं हादसे में घायल सवारियों को कार में बिठा कर अस्पताल पहुंचाया गया, वहीं ई-रिक्शा चालक का भी इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुची थाना बारादरी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि कार चालक मौके से फरार हो गया है।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# जगरांव में वारदात: बहू को तेल डालकर जलाया, डीएमसी में भर्ती; पीड़िता की बड़ी बहन ने दिया बड़ा बयान



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जगरांव के थाना सिंधवा बेट के अंतर्गत आते गांव सवद्दी कला की रहने वाली एक महिला को उससे ससुराल परिवार ने तेल डालकर जला दिया। महिला लुधियाना के दयानंद अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रही है। महिला बयान देने में असमर्थ है, जिसके चलते पुलिस ने उसकी बड़ी बहन के बयान पर ससुराल परिवार के तीन लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता की पहचान सुखजीत कौर के तौर पर हुई है। आरोपियों में उसके पति गुरप्रीत सिंह, सास मनजीत कौर और ससुर अमरजीत सिंह का नाम शामिल है। चौकी भूदडी के इंचार्ज और इस केस के जांच अधिकारी एएसआई दलजीत सिंह का कहना है कि जल्दी ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस को दिए गए बयान में सुखजीत कौर की बड़ी बहन सुमनप्रीत कौर पुत्री सतपाल सिंह निवासी भिंडर खुर्द थाना धर्मकोट मोगा ने लिखवाया था कि नौ वर्ष पहले उसकी बहन सुखजीत कौर की शादी गांव सवद्दी कला के रहने वाले गुरप्रीत सिंह के साथ हुई थी। गुरप्रीत सिंह पेशे से टैंपू चालक है और छोटा हाथी पर लोगों का सामान छोड़कर ही अपने परिवार का गुजारा करता है।

शादी के एक साल बाद ही सुखजीत कौर के घर बेटी गुरनूर पैदा हुई। सुमनप्रीत कौर के मुताबिक दो दिन पहले शुक्रवार को उसे मुल्लापुर के पंडोरी नर्सिंग होम्स से नर्स का फोन आया कि उसकी बहन सुखजीत कौर को उसके ससुरालियों ने आग के हवाले कर दिया और गंभीर हालत में उसे पंडोरी अस्पताल छोड़ गए हैं। जब वह अस्पताल पहुंची तो उसकी बहन की हालत काफी खराब थी, जिसके बाद डाक्टर ने उसे डीएमसी अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# पंजाब में जल्द चलेंगी पानी वाली बसें, सरकार बना रही स्ट्रेटजी, वन विभाग से ली गई सलाह



**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब में जल बसें फिर से चलेंगी। पंजाब सरकार की बैठक में इसे हरी झंडी मिल गई है। आम आदमी पार्टी ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही रंजीत सागर झील में वाटर बसें चलेंगी। कुछ दिन पहले पंजाब सरकार के टूरिज्म डिपार्टमेंट की मीटिंग में इन बसों का मुद्दा उठा था। इस दौरान पता चला था कि करोड़ों की बसें बेकार हो रही है। जिसके बाद बसों के चलाने को लेकर रणनीति बनी। इसके बाद हरिके वेटलैंड में खड़ी जल बसों की चेकिंग करवाई है।

**वन विभाग से ली गई सलाह-** वहीं, बसों को चलाने के लिए वन विभाग से सलाह की गई है। उम्मीद है कि जल्दी ही लोग इसका आनंद उठा पाएंगे। ट्रांसपोर्ट विभाग की तरफ से इनकी जरूरी मरम्मत व फिटनेस सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**साल 2016 में प्रोजेक्ट हुआ था शुरू -** गौरतलब है कि यह बसें अकाली-भाजपा सरकार के समय साल 2016 में खरीदी गई थी। सुखबीर सिंह बादल का यह बसें ड्रीम प्रोजेक्ट था। करीब साढ़े चार करोड़ की लागत से यह बसे निजी कंपनी से खरीदी गई थी।

उस समय यह बसें हरिके वेटलैंड में चलाई गई थी। यह कुल साढ़े नौ करोड़ का प्रोजेक्ट था। लेकिन विपक्ष ने इस घोषणा का मजाक उड़ाया था।

### सिद्धू ने कहा -बसों को नीलाम करेंगे

उस समय करीब दस दिन ही बसें चली थी। जिसके बाद कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई थी। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा था कि इन बसों को नीलाम करेंगे कश्मीर की तर्ज पर शिकारे चलाए जाएंगे। हालंकी इसके बाद बसें गैराज में रख दी गई थी।

# अमेरिका में भारतीय छात्र को गोलियों से भूना, मास्टर्स की पढ़ाई करने के लिए गया था विदेश

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में हुई एक गोलीबारी की घटना में हैदराबाद के एक युवक की दुखद मौत हो गई है। मृतक की पहचान रवि तेजा के रूप में हुई है, जो हैदराबाद के आरके पुरम स्थित ग्रीन हिल्स कॉलोनी का रहने वाला था। हैदराबाद के चैतन्यपुरी स्थित ग्रीन हिल्स कॉलोनी के मूल निवासी रवि तेजा 2022 में मास्टर्स की पढ़ाई करने के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली थी और वर्तमान में नौकरी के लिए ट्रायल पर थे। इस दुखद घटना के बाद हैदराबाद में रवि तेजा के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका में इस तरह की गोलीबारी की घटनाएं आम होती जा रही हैं। पिछले साल नवंबर में भी तेलंगाना के खम्मम जिले के रहने वाले एक युवक की शिकागो में एक गैस स्टेशन पर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इन घटनाओं ने अमेरिका में भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। रवि तेजा की मौत से उनके परिवार और दोस्तों को गहरा सदमा लगा है।



# जालंधर पुलिस की इस इलाके में Raid, मौके पर मची भगदड़, जानें मामला

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** शहर में चाइना डोर का इस्तेमाल करने वालों पर पुलिस रेड होने की सूचना है। दरअसल शहर में चाइना डोर के कारण हो रहे तरह-तरह के हादसों को देखते जालंधर पुलिस ने सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इसलिए शहर में चाइना डोर का इस्तेमाल करने वाले सावधान हो जाएं।




दरअसल जालंधर की थाना भोगपुर पुलिस को आज सूचना मिली कि कुछ युवक छत पर चाइना डोर के जरिए पतंग उड़ा रहे है, जिसके बाद पुलिस ने घर में दबिश दी। लेकिन युवक पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा जांच शुरू कर दी है।

इस बारे जानकारी देते थाना भोगपुर के ए.एस.आई. राम किशन ने बताया कि भोगपुर के भुलत्थ रोड पर स्थित गांव में एक घर में चाइना डोर से पतंग उड़ाई जा रही थी, जिस बारे उन्हें सूचना मिली।

जिसके बाद पुलिस ने घर में रेड की। लेकिन आरोपी पुलिक की भनक लगते ही चाइना डोर का गट्टू छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने फिलहाल आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
Embrace Wellness Naturally
Our experienced practitioners provide personalized treatments that balance the mind, body, and spirit, helping you achieve optimal health naturally

Herbal Remedies
Therapeutic Treatments
Contact Us +91 95015-02525
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# जालंधर मेयर विनीत धीर पहुंचे हकीम तिलक राज कपूर अस्पताल, विकास योजनाओं पर की बात







**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर के नवनिर्वाचित मेयर विनीत धीर ने अपने सहयोगियों के साथ हकीम तिलक राज कपूर अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने स्ञ हॉस्पिटल के एमडी डॉक्टर आशीष कपूर और हकीम तिलक राज कपूर अस्पताल के एमडी डॉक्टर नवनीत कपूर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जालंधर शहर के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और शहरवासियों की समस्याओं के समाधान पर विचार किया। मेयर विनीत धीर ने जालंधर को एक बेहतर और विकसित शहर बनाने की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।

# 21 जनवरी का दिल्ली कूच टला

## किसान नेता सरवण पंधेर ने किया एलान, केंद्र से 14 फरवरी को होनी है बैठक

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** किसानों ने 21 जनवरी को प्रस्तावित दिल्ली कूच टाल दिया है। शंभू बॉर्डर से किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने इसका एलान किया। केंद्र ने किसानों की मांगों पर विचार करने के लिए 14 फरवरी को बैठक रखी है। किसानों ने पहले एलान किया था कि 101 किसानों का जत्था 21 जनवरी को पैदल दिल्ली कूच करेगा।

वहीं केंद्र की तरफ से एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों पर बातचीत का न्यौता मिलने के बाद किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अनशन के 55वें दिन रविवार को डॉक्टरी सहायता ली। हालांकि उन्होंने अनशन खत्म करने से इनकार कर दिया है। कहा है कि जब तक एमएसपी का गारंटी कानून नहीं बनेगा, तब तक वे अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। वहीं उनके समर्थन में अनशन पर बैठे 122 किसानों को रविवार को जूस पिलाकर उनका अनशन तुड़वाया गया। किसान नेता काका सिंह कोटड़ा ने बताया कि उन्होंने डल्लेवाल को मेडिकल सहायता लेने के लिए काफी मनाया। उन्हें कहा कि 14 फरवरी की बैठक में किसानों का पक्ष मजबूती से रखने के लिए उनका ठीक होना जरूरी है। तब जाकर वे मेडिकल सहायता लेने के लिए राजी हुए। इसके बाद देर रात करीब एक बजे आठ विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ डॉक्टरों का पैनल मोर्चे पर पहुंचा और डल्लेवाल को मेडिकल सहायता देना शुरू किया।



**डीआईजी ने 122 किसानों को जूस पिलाया** -रविवार को पटियाला रेंज के डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू व एसएसपी डा. नानक सिंह किसान नेता डल्लेवाल से मुलाकात करने बॉर्डर पर पहुंचे। डल्लेवाल का हालचाल जानने के बाद अधिकारियों ने किसान नेता सुखजीत सिंह हरदोझंडा समेत 122 किसानों को जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त कराया। यह सभी किसान अपने नेता डल्लेवाल के समर्थन में अनशन पर बैठे थे।



### किसानों पर दर्ज मुकदमे रद्द करवाए जाएंगे

किसान नेताओं ने बताया कि 23 फरवरी 2024 को किसान आंदोलन-2 के समर्थन में हिसार के खेड़ी चौपटा पर इकट्ठे हुए बड़ी गिनती किसानों पर हरियाणा पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण तरीके से कार्रवाई की गई थी। जिसमें कई किसान घायल हुए थे और कई झूठे मुकदमे दर्ज किए गए थे।

उस समय स्थानीय स्तर पर हुए समझौते के तहत प्रशासन ने मुकदमा रद्द करने का वायदा किया था लेकिन 3-4 दिन पहले किसानों को दोबारा नोटिस भेजे जा रहे हैं। किसान नेताओं ने कहा कि आंदोलन संबं मुकदमों को रद्द करवाना दोनों मोर्चों की ज़िम्मेदारी है और केंद्र सरकार के साथ होने वाली मीटिंग में इस विषय पर चर्चा की जाएगी। किसान नेताओं ने कहा कि पहले से घोषित आगामी कार्यक्रमों के विषय में जल्द ही दोनों मोर्चों की मीटिंग कर के निर्णय लिया जाएगा।